तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार, 30 मार्च 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

14 बुजुर्ग घर बैठे पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान



14 साहू समाज ने कर्मा जयंती पर निकाली कलश यात्रा



## खबर संक्षेप



### 32 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**भवानीपुर।** पुलिस ने शुक्रवार को शराब की अवैध बिक्री करने वाले युवक से बड़े पैमाने पर शराब जब्त कर गिरफ्तार किया और आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा है। थाना गिधपुरी प्रभारी नरेश दीवान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गिधपुरी में शराब की अवैध बिक्री की जाती है। पुलिस टीम गिधपुरी पहुंच कार्रवाई करते हुए 22 वर्षीय अक्षय पिता प्रीतम भारती को अवैध शराब के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से 32 पौवा देशी मशाला शराब जब्त की गई। पुलिस ने धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे न्यायायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाला पकड़ाया



**बलौदाबाजार।** ''अभियान सृजन'' के तहत थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अजय झा के निर्देशन में चौकी प्रभारी करहीबाजार नवीन शुक्ला ने अपनी टीम के साथ शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई जारी रखी है। इसी क्रम में 29 मार्च को अवैध जुआ, शराब, सट्टा के खिलाफ रेड कार्रवाई अभियान में मुखबिर की सूचना पर करहीबाजार में अवैध रूप बिक्री करने रखे आरोपी राहुल पिता अशोक अंजान 22 वर्ष साकिन डीपरापारा करहीबाजार के कब्जे से 38 पौवा देशी शराब जब्त की गई। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार में धारा 34,2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया जहां, उसे न्यायिक रिमांड के लिए रवाना किया गया है।

### उच्च न्यायालय के आदेश से फिर डीईओ बने भगत

**मुड़पार-सरसीवा।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के याचिका डबल्यू पीएस 1793 के आदेश पर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर एस एन भगत कार्यरत रहेंगे।



उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना के पहले भगत का स्थानांतरण हो गया था और एलपी पटेल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धानसीर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ बनाया गया था, जिसके विरुद्ध एसएन भगत ने उच्च न्यायालय बिलासपुर का शरण लिया था। भगत ने पुनः जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार संभाल लिया है और एल पी पटेल को उनके मूल पद के लिए कार्यमुक्त किया है।

### खाद्य लाइसेंस शिविर आज

**मुड़पार-सरसीवा।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देश व जिले के अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन पर विभाग द्वारा एफएसएसएआई खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन शिविर का आयोजन 30 मार्च को होटल पिज्जा हाऊस सरसीवा में रखा गया है। पंजीयन का कार्य प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 वा 31,1 के तहत खाद्य विनिर्माता, रिपैकर, रीलेबरर, खाद्य परिवहन, थोक व ▶▶ शेष पेज 12 पर

# मकान टैक्स जमा करने आज और कल खुले रहेंगे नपा और नगर पंचायत के कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रंतर्गत निवासरत करदाताओं के लिये वित्तीय वर्ष 2023–24 समाप्त होने को हैं व माह के अंत में शनिवार एवं रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल ने अपील करते हुये कहा कि नगर के विकास में करो की अदायगी आवश्यक है व इससे आम जनता का वित्तीय भार भी कम होता है। सभी सहयोंग करें। इस अवधि में नगरवासी अपने पूर्व में बकाया करों के साथ–साथ वर्तमान वर्ष का समेकितकर, सम्पत्तिकर, जलकर एवं दुकान किराया की राशि जमा कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा राजस्व विभाग को निर्देशित कर वित्तीय वर्ष के अंत में 30 मार्च शनिवार एवं 31 मार्च रविवार पड़ रहा है। इस अवधि में भी नगर में निवासरत कर दाताओं के करों को जमा किया जावेगा। प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक प्रसुन शर्मा ने सभी से समय पर कर भुगतारन करने आवश्यक मुनादी की है। शनिवार एवं रविवार को भी करो का भुगतान कार्यालय नगर पालिका राजस्व शाखा में कर सकते हैं। अन्यथा वित्तीय वर्ष सामाप्ति पश्चात अनावश्यक 6.25 प्रतिशत अधिभार का बोझ आम जनता का वहन करना पड़ता है। अतः जिनके समेकितकर, सम्पत्तिकर, जलकर एवं दुकान किराया की राशि जमा नहीं किये हैं वे जमा कर सकते हैं। इस हेतु कार्यालय नगर पालिका खुला रहेगा।

## वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद लगेगा 6.25 प्रतिशत अधिभार




### शनिवार एवं रविवार को भी खुला रहेगा कार्यालय

माह के अंत में शनिवार एवं रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल ने अपील करते हुये कहा कि नगर के विकास में करो की अदायगी आवश्यक है व इससे आम जनता का वित्तीय भार भी कम होता है। सभी सहयोंग करें। इस अवधि में नगरवासी अपने पूर्व में बकाया करों के साथ–साथ वर्तमान वर्ष का समेकितकर, सम्पत्तिकर, जलकर एवं दुकान किराया की राशि जमा कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा राजस्व विभाग को निर्देशित कर वित्तीय वर्ष के अंत में 30 मार्च शनिवार एवं 31 मार्च रविवार पड़ रहा है। इस अवधि में भी नगर में निवासरत कर दाताओं के करों को जमा किया जावेगा। प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक प्रसुन शर्मा ने सभी से समय पर कर भुगतारन करने आवश्यक मुनादी की है। शनिवार एवं रविवार को भी करो का भुगतान कार्यालय नगर पालिका राजस्व शाखा में कर सकते हैं।

## घटना : पुलिस ने कोटवार की स्कूटी और मोबाइल किया बरामद

# महानदी में 40 घंटे बाद तैरता मिला महंत कोटवार का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

■ बुधवार शाम शराब के नशे में महानदी पुल पर साथी के वीडियो बनाने के दौरान फिल्मी स्टाइल में लगाई थी छलांग

बुधवार शाम करीबन 5 बजे के आस पास जांजगीर-चांपा जिला के ग्राम मिस्दा निवासी ज्ञानदास महंत कोटवार पिता रामकिशन दास 50 वर्ष और उनका साथी गिधौरी महानदी पुल पर शराब के नशे सवार होकर पहुंचे। फिल्मी स्टाईल से साथी वीडियो बना रहा था और ज्ञानदास महंत ने महानदी शबरी सेतु पुल से छलांग लगा दी, जो देखते ही देखते लापता हो गया। घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस को दी गई, तब जाकर बुधवार शाम को गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंची और वहां मुयायना किया, जहां कोटवार ज्ञानदात महंत का मोबाइल एवं स्कूटी को पुलिस ने बरामद किया और मामले की जांच जुट गई। गुरुवार सुबह बलौदाबाजार से गोताखोरों की टीम बुलाकर महानदी में कोटवार ज्ञानदास की खोज की गई, परन्तु गोताखोरों को कोई सुराग नहीं मिला। तीसरे दिन शुक्रवार सुबह 40 घंटे बाद कोटवार ज्ञानदास महंत की लाश को गिधौरी की महानदी नदी में ग्रामीणों ने दिखा। इसकी जानकारी गिधौरी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक कोटवार ज्ञानदास की लाश महानदी से निकालकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक केंद्र भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच गिधौरी पुलिस द्वारा की जा रही है।



## ज्वेलर्स दुकान में चोरी का छह माह बाद पकड़ाया आरोपी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

■ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शहर में हो रही चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने तथा अपराध की रोकथाम के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली में धारा 457, 380 भादवि के मामले का खुलासा करते हुए अपराध में संलिप्त आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि भैंसापसरा निवासी 19 वर्षीय कन्ने ऊर्फ करन पिता देव नरेश ने पिछले वर्ष 10 सितम्बर की रात 8 बजे भारत ज्वेलर्स के नाम से संचालि सोने चांदी की दुकान में शटर बंद दुकान के अंदर घूस गया था। ज्वेलर्स संचालक गणेश ने शटर में ताला नहीं लगया था, क्योंकि उनकी पत्नी अंशु सोनी, बेटी सिवांगी सोनी टहलने गई थी। उसी बीच रात करीबन 10 बजे आरोपी कन्ने दुकान का शटर उठाकर अंदर प्रवेश किया और कांउटर में रखे प्लास्टिक के 7 डिब्बों में रखे चांदी के पायल, बाजुबंद, हाफ करधन एवं अन्य ज्वेलरी समान लगभग 1 किलो ग्राम किमती 70 हजार, सोने की फुल्ली, वजनी लगभग 3 ग्राम किमती 18 हजार एवं दुकान में रखे जुपिटर क्लासिक स्कुटी क्रमांक सीजी 22 एम 3395 पुरानी इस्तेमाली किमती लगभग 10 हजार जुमला किमती 98 हजार को चोरी कर ले गया था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान घटना स्थल में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक कर पहचान की गई। जिसमें चोरी ▶▶ शेष पेज 12 पर

# कैप्सूल वाहन में फंसा बिजली केबल, चार खंभे हुए धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

■ घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार



नगर में गुरुवार की रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब एक कैप्सूल वाहन बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित विष्णु पंप से डीजल भराने के बाद वाहन रायपुर की ओर निकला। मुख्य मार्ग पर कैप्सूल वाहन की जद में घरों मे बिजली सप्लाई करने वाला केबल तार आ गया, जो काफी दूर तक बिजली केबल तार खंबे से टूटकर घसीटता चला जा रहा था। राहगीरों ने चालक को इसकी जानकारी दी। तब चालक ने वाहन रोका, तब तक चार खंबे टुटकर धाराशाई हो गये। वहीं डिवायडर पर लगा विद्युत पोल और लोहे का खंबा कैप्सूल वाहन के जद में आकर उखड़कर झुक गया, जो रहगीरों के लिए और मुसीबत बन गया है। प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया की घटना गुरुवार की रात करीब 8 बजे की है, जब अचानक जोरदार कड़कने की आवाज आई और केबल तार सहित बिजली के खंबे एक-एक कर टूटकर गिरने लगे। लोगों की किस्मत अच्छी थी कि बिजली के केबल तार और खंबा गिरने से कोई इसके चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं घटना के बाद से चालक वाहन लेकर फरार बताया जा रहा है।

### शराब की अवैध बिक्री में शामिल 4 ग्रामीण गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल ने रिसदा, धनगांव एवं दशरमा बाइपास चौक में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 4 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 280 लीटर महुआ शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल को जब्त किया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 मार्च को पेट्रोलिंग टीम ने 4 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में 42 वर्षीय प्रेमचंद बंजारे पिता सहेत्तर बंजारे साकिन सतनामी पारा ग्राम रिसदा, 60 वर्षीय पुनित राम बंजारे पिता स्व. तुलाराम बंजारे ग्राम धनगांव, 23 वर्षीय राकेश कुमार घृतलहरे पिता उमेंद राम ग्राम दशरमा और चंद्रिका टंडन पिता स्व. गणेश टंडन 28 साल निवासी दशरमा रोड बलौदाबाजार शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 280 लीटर महुआ शराब और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल हीरो एच एफ डीलक्स क्र सीजी 04 एम बी 4460 जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सूने मकान में चोरी, सिलेंडर, कूलर मोटर सहित अन्य सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार-सरसीवा



चोर ने सुने मकान में धावा बोल कर कई सामना पार कर दिया। मकान मालिक परिवार के साथ झारखंड में रहता है। होली पर्व के दौरान जब घर पहुंचा तो देखा कि घर में सामान बिखरा पड़ा है और आलमारी का ताला टूटा हुआ था।

इसकी सूचना सरसीवां इंदिरा नगर निवासी संतोष कुमार ने थाना में दी। पीड़ित ने बताया कि उसके घर में चोर ने पिछले दरवाजे की घुंडी तोड़कर प्रवेश किया और गैस सिलेण्डर, कूलर की मोटर, पंखे, 50 किलो चावल सहित अन्य सामान को पार कर दिया। संतोष परिवार सहित झारखंड में रहता हैं। होली के पहले जब घर आया तो देखा कि पिछला दरवाजा खुला है और घर का सामान बिखरा हुआ है, आलमारी खुली हुई थी और समान बिखरा हुआ पाया। वहीं बड़ी पेटी का ताला टूटा मिला। संतोष ने इसकी शिकायत थाना सरसीवा में 19 मार्च दी, लेकिन अज्ञात चोर का अब तक सुराग नहीं मिला है।

जानकारी अनुसार चोर आसपास का ही हो सकता है, चूंकि कूलर की मोटर इतनी जल्दी नहीं खुलती, कूलर में फीट थी। स्थानीय चोर इसे आराम से खोलकर पार किया होगा। इन्दिरा नगर में कई चोर है। यदि पुलिस ऐसे संभावित चोरों को बुलाकर पूछताछ करती है तो चोर का सुराग लग जाएगा और समान भी बरामद हो जाएगा। इस संदर्भ में सरसीवा थाना प्रभारी टीआर खटकर ने बताया कि चोरों की पतासाजी करने टीम भेजकर जांच पड़ताल कराऊंगा, चोर जल्द जल्द पकड़े जाएंगे, जिस पर कड़ी कार्रवाई भी होगी।

## जनपद पंचायत में आचार्य सागर मिश्रा की भागवत कथा जारी

# मानस मनुष्य को सिखाती है जीने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल





मानस समाज में मनुष्य को जीने की कला सिखाती है। उक्त बातें जनपद पंचायत मैदान कसडोल में युवा आस्था मंच द्वारा आयोजित नव दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन आचार्य सागर मिश्रा महराज ने कही।

उन्होंने कहा कि भगवान शंकर एक बार कैलाश पर्वत में बाघम्बर बिछाकर सहज रूप से बैठे हुए थे। उसी समय माता पार्वती पहुंची, तब भगवान शंकर ने उन्हें अपने वाम भाग में आसन दिया। इससे सिख मिलती है कि मनुष्य को अपनी पत्नी का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि पत्नी, पति के लिए तरह-तरह की पूजा अर्चना व्रत करती है तो पति का भी फर्ज बनता है कि उनका सम्मान करें। उन्होंने श्रीराम कथा रूपी मानस गंगा का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान शंकर ने दो गंगा को जन्म दिया था एक जटा शंकरी गंगा और दूसरा जिव्हा शंकरी गंगा। जटा शंकरी गंगा में स्नान करने के लिए गंगा नदी में जाना पड़ेगा, पर जिव्हा शंकरी गंगा में स्नान करने के लिए कही जाने की जरूरत नहीं है। तत्पश्चात माता पार्वती के पूछने पर भगवान शंकर ने कहा कि सगुण और निर्गुण में कोई भेद नहीं है, जिस प्रकार जल का कोई आकर नहीं होता , लेकिन उसी जल को बर्तन में रखकर बर्फ बना दे तो वह आकर ले लेता है। उसी प्रकार भगवान निर्गुण निराकार होता है, परंतु भक्त जिस रूप में देखना चाहता है उसी रूप में भगवान अपना रूप बना लेते हैं।

तीसरे दिन श्रीराम जन्म का भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बलोदाबाजार से छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष रामाधार पटेल, कसडोल नगर सहित आस पास गांव एवं दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

### कुर्मी समाज का होली मिलन आज



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई बलौदाबाजार द्वारा 30 मार्च को कुर्मी भवन में सायं 4 बजे समाज से होली मिलन समारोह रखा गया है। कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम संरक्षक, पदाधिकारी ने समाज के सभी सदस्यों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण 17 से

**महासमंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन 17 अप्रैल से 22 अप्रैल 2024 तक किया गया। रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि 17 अप्रैल को रामायण सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 12 से किया जाएगा। वहीं समापन 22 अप्रैल को होगा।

### पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चित्रकला स्पर्धा

**महासमुंद।** राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक केदारनाथ दीवान द्वारा बसना ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत, कुर्माडीह, चिपरीकोना बी, बनडबरी में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर, स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से मिशन लाइफ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित की जा रही हैं। इसी बीच गांव में पर्यावरण मितान गठित कर उनको टी-शर्ट प्रदान करते हुए शपथ भी दिलाई जा रही हैं ताकि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में शंकर दीवान, कुमारदास, खिलेश बरिहा, मिनेश सिदार का सहयोग सराहनीय रहा। चित्रकला में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### पिथौरा में श्रीमद देवी भागवत कथा आज से

**पिथौरा।** स्थानीय मंदिर चौक में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक श्रीमद



देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा का शुभारंभ 30 मार्च को दोपहर 3 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा से की जाएगी। कथा वाचन सुप्रसिद्ध पं. अभिनव शुक्ला होंगे। कथा का समय दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक की होगी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

## लोकसभा चुनाव : व्यय प्रेक्षक ने ली निगरानी दलों की बैठक

# जिले की सीमा से लगे चेक पोस्टों पर चौबीस घंटे वाहनों की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्वाचन से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक मौजूद थे।

व्यय प्रेक्षक दबास ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम नियमानुसार निष्पक्षता एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने राज्य एवं जिले की सीमा से लगे सभी चेक पोस्टों पर चौबीस घंटे वाहनों की जांच करने और अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रकम और वस्तुओं के जब्ती बनाने के दौरान आयकर विभाग तथा जीएसटी के अधिकारियों को अवश्य सूचित करें। उन्होंने चेक पोस्टों पर निगरानी दल द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकॉर्डिंग आदि करने के निर्देश दिए। ताकि लेखा टीम को गणना करने में दिक्कत नहीं हो। व्यय प्रेक्षक ने निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आयोग द्वारा निर्धारित व्यय की सीमा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की इनपुट प्राप्त होने पर तत्काल जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। धन अथवा शराब का वितरण या निर्वाचकों को प्रभावित करने के प्रयोजन से वितरित की गई या दी गई कोई अन्य वस्तु संज्ञान में आते ही तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने लिमिट से ज्यादा शराब बिक्री वाले दुकानों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी टीमों की जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी ली गई। कलेक्टर प्रभात मलिक ने बताया कि जिले में उड़नदस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, आयकर, जीएसटी, पुलिस, एमसीसी, एमसीएमसी, व्यय लेखा सहित अन्य गठित टीमों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित निर्वाचन हेतु गठित विभिन्न निगरानी समितियों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पूर्व प्रमाणीकरण जरूरी

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी चैनल्स, केबल नेटवर्क एवं रेडियो चैनल पर राजनैतिक विज्ञापन देने के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रमाणीकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए लिखित आदेश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राजनैतिक दलों व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराने के लिए निर्धारित प्रपत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री की सॉफ्ट कॉपी मेन स्क्रिप्ट के साथ तीन दिन पहले प्रस्तुत करनी होगी। अपंजीकृत राजनीतिक दल को सात दिन पहले प्रस्तुत करनी होगी। आयोग के इस निर्देश का उल्लंघन होने पर संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार के खिलाफ कार्रवाई होगी। राजनैतिक विज्ञापनों के संवीक्षा व प्रसारण का प्रमाणीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त विज्ञापन की विषयवस्तु एवं मेन स्क्रिप्ट का भलीभाँति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इसके प्रसारण से किसी भी व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ भड़काऊ भाषा का उपयोग तो नहीं किया गया है। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि विज्ञापन के प्रसारण से आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। विज्ञापन की विषयवस्तु व स्क्रिप्ट सही पाए जाने पर निर्धारित प्रपत्र-ब में प्रमाणीकरण जारी किया जायेगा।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में जन जागरूकता के लिए नवाचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्डों में घूमने वाली स्वच्छता वाहनों स्वच्छता का सांग चलाया जाता है। इसी तारतम्य में महासमुंद के नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रयास एवं नवाचार से स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जनजागरूकता लाने अब यूनिसेफ से प्राप्त जागरूकता संचार ऑडियो जिसमें स्वास्थ्य पोषण संबंधित महत्वपूर्ण संदेश को चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि महासमुंद को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी दिशा में महासमुंद नगर पालिका का यह प्रयास निश्चित ही लोगों में जागरुकता लाएगी। स्वच्छता सॉन्ग के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण जागरुकता संदेश का नवाचार के लिए यूनिसेफ के जिला सलाहकार ऋषभ तिवारी की भी अहम भूमिका है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा का होली मिलन समारोह आज

**तेंदूकोना।** पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा का होली मिलन समारोह शनिवार को धार्मिक ग्राम खल्लारी में आयोजित की गई है। सभा में भानुप्रतापपुर में हुए वार्षिक सभा के विषयों में जानकारी दी जाएगी तथा जिन सदस्यों की पेंशन समस्या होगी उसे जिला सदस्यों की उपस्थिति में निराकरण किया जाएगा। इस दौरान संघ के अध्यक्ष हीराधर सोम, रूपेश तिवारी महामंत्री सदस्य पेंशनधारी कल्याण संघ, शुकदेव सेन, गोपाल ठाकुर, चंद्रभान कश्यप, बैराग दास, कल्याण सिंह बरिहा, अमराव सिंह ध्रुव, रामजी प्रसाद पांडेय, राजेश्वर बेपारी, थानसिंग ठाकुर, चमन साहू, भूषण साहू, कुंजलाल दीवान, तेजनाथ सोनी, शिव दीवान आदि उपस्थित रहे। संघ के सदस्य रामजी प्रसाद पांडेय ने सभा में सदस्यों से वार्षिक सहयोग राशि जमा करने, वार्षिक आय व्यय सचिव द्वारा जानकारी देने के साथ संघ के सभी सदस्यों को समारोह में समय पर उपस्थित होने की अपील की है।



## गुरु बालक दास बाबा की शहादत को समाज ने याद किया

**महासमुंद।** गुरु बालक दास बाबा के शहादत दिवस ग्राम बरभांठा, पचरी व नवापारा में समाज के युवाओं देवेंद्र राय, अरविंद लहरे, लोकेश घृतलहरे, द्वारिका कुर्रे, मानसिंग महेश्वरी, सतीश पचरी, चिंता कुर्रे, टेकराम भारती, तुकाराम कोसरे, गौतम निराला आदि के नेतृत्व में मनाया गया। गुरु बालक दास द्वारा सतनाम रावटी एवं समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए नमन किया गया। जिसमें उपदेश मारकंडे, पवन डडसेना, लखन टंडन, राजेंद्र जांगड़े, गोवर्धन आवड़े, भूषण मारकंडे, अलित घृतलहरे, बाबूलाल मन्नाडे, दशरथ घृतलहरे, अर्जुन कोसरिया, हिरऊ भारती, सुनहर महिलांग, धरमू कोसरिया, महेंद्र निराला, मनीष भास्कर, ओमप्रकाश बंजारे, प्रताप, गुलशन, छत्रपाल लहरे, कांता सोनटके, भोजराम भारती आदि उपस्थित रहे।

# व्याख्याता भर्ती के लिए विशेष कक्षाएं 1 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में खनिज न्यास निधि से संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में सहायक शिक्षक व शिक्षक के साथ-साथ अब 1 अप्रैल से प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक व्याख्याता भर्ती परीक्षा की कक्षाएं प्रारंभ होने वाली है।

संस्था के जिला समन्वयक डी बसंत कुमार साव ने बताया कि संस्था में पूर्व से ही सहायक शिक्षक व शिक्षक भर्ती परीक्षा के साथ साथ सहायक शिक्षक व शिक्षक पात्रता एवं प्री बी एड/प्री डीएड की कक्षाए संचालित है। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं की विशेष मांग पर व्याख्याता भर्ती के लिए विशेष कक्षाए प्रारम्भ होने वाली है। ज्ञातव्य हो कि सहायक शिक्षक व शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन कराई जा रही है तथा विशेष विषय के लिए अतिथि व्याख्यान आदि के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लाभ पहुंचाई जा रही है। संस्था में सहायक शिक्षक व शिक्षक भर्ती परीक्षा के साथ साथ सहायक शिक्षक व शिक्षक पात्रता एवं प्री बीएड/प्री डीएड की कक्षाएं सायंकालीन बैच में शाम 04 बजे से 07 बजे तक।

जबकि व्याख्याता की कक्षाए सुबह की पाली में प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक लगेगी। प्रारम्भ में बाल विकास की कक्षा प्रातः 7 से 8:30 तक। वहीं कंप्यूटर की कक्षा प्रातः-08:30 से 10 तक होगी व क्रमशः अन्य विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। संस्था में फाउंडेशन कोर्स की कक्षा प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक संचालित है। जबकि दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आरक्षक भर्ती परीक्षा की कक्षाए एवं सीजी पीएससी मेंस के लिए कोचिंग और ग्रंथालय से अधिकतर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिसके लिए सायं 4 बजे से 7 बजे तक लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा की कक्षाएं भी संचालित हो रही है। कोचिंग में प्रवेश सम्बंधी जानकारी के लिए कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## विद्युत ट्रांसफार्मर एवं बेसपोल खराब होने से बढ़ी स्कूली छात्रों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नगर के निकटस्थ ग्राम बानीगिरोला में विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। विगत दिनों तेज आंधी तूफान के चलने से गांव का मुख्य ट्रांसफार्मर एवं बेसपोल क्षतिग्रस्त होने के कारण सुधार करने की आवश्यकता है। इसी दरम्यान स्थानीय स्तर की उच्च माध्यमिक विद्यालय की परीक्षा संचालित होने के कारण छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी से विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बिजली विभाग को भी विभागीय सूचना दी गई है, लेकिन आज तक सुधार कार्य नहीं होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। बिजली विभाग छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए ट्रांसफार्मर एवं बेसपोल में आवश्यक रूप से सुधार करने का कार्रवाई करें, जिससे की समस्या का समाधान हो सके।



## रिमजी स्कूल के दो प्रतिभावान छात्रों का हुआ चयन

**सरायपाली।** एससीईआरटी रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी से दो प्रतिभावान छात्रों अंजली भोई और समीर चौहान का चयन हुआ है। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी में प्रभारी प्रधान पाठक ओमप्रकाश साव एवं डोलमाणि चौहान (शिक्षक) के मार्गदर्शन से विगत 10 वर्षों में 70 छात्रों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हो चुका है। छात्रों के चयन से प्रधान पाठक ओमप्रकाश साव, डोलामणि चौहान एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्र कुमार चौहान एवं सदस्यों द्वारा ने हर्ष जताया। यह परीक्षा में चयनित छात्रों को 12000 रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति केंद्र द्वारा दी जाती है। छात्रों के पालकों में भी खुशी देखने को मिला है।

## झालखम्हरिया स्कूल में विदाई समारोह के साथ न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पानी बॉटल भेंटकर छात्रों को दी गई विदाई



शासकीय प्राथमिक शाला झालखम्हरिया में पांचवी के छात्र-छात्राओं को निचली कक्षाओं के छात्रों द्वारा गुलाल लगाकर एवं पानी बॉटल प्रदान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाओं द्वारा प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के अंतर्गत न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें शाला के छात्रों को भोजन में खीर-पूड़ी, बड़ा, आलू-चना की सब्जी, रायता, पापड़ एवं केला परोसा गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक गीता यादव, सहायक शिक्षक समीक्षा चंद्राकर, शशि निराला, पालक सदस्य टेकराम साहू, झुमुकलाल ध्रुव, गणेशराम साहू, देवेन्द्र साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, उमा देवांगन, अंजू साहू, कुमारी सेन, अनामिका साहू, सावित्री देवांगन, लक्ष्मी साहू, नीरा साहू, नीरा ध्रुव, लोशनी साहू, ईश्वरी विश्वकर्मा, कुंती यादव, रमशीला थादव आदि मौजूद रहे।



## रामभजन के साथ लोकसभा चुनाव में भागीदारी का लिया संकल्प

**महासमुंद।** गत दिनों शहर महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बैठक आहूत की गई। जिसमें महिला कार्यकर्ताओं ने राम-भजन के साथ लोकसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। शहर अध्यक्ष साधना ठाकुर नैनी ने बताया कि राम-भजन संध्या में शिव शक्ति बहकी महिला मानस मंडली, राम जानकी, अशोक सुंदरी, देवांगन समाज एवं मौहरीभाठा की मंडलियों ने भक्तिमय भजन की शानदार प्रस्तुति दी। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा रश्मि चंद्राकर, नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, ऐश्वर्या तिवारी, महिला जिलाध्यक्ष दुर्गा सागर, सती साहू, निरंजना चंद्राकर, पदमनी साहू, द्रोपदी चंद्राकर, कुंती देवांगन, निर्मला चंद्राकर, ममता जायसवाल सहित महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्रवाई**

साइबर सेल और पुलिस टीम ने की कार्रवाई

# रात में हथियार लेकर घूमने वाले 5 आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर के गुड़रूपारा क्षेत्र में खुलेआम तलवार और धारदार हथियार लहराने वालों का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जो शुक्रवार को लगभग सभी प्रमुख अखबारों की सुर्खियां रही। वीडियो में अज्ञात युवकों में धारदार हथियारों को लेकर शहर के कुछ गली व मोहल्ले में घूमते नजर आ रहे थे। जिला पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए 5 टीम गठित कर इन लोगों की त्वरित खोजबीन कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उक्त वायरल वीडियो में शामिल व्यक्तियों को चिन्हांकित अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सायबर सेल एवं महासमुंद पुलिस की अलग-अलग टीमों के द्वारा गिरफ्तार किया।

**हथियार जब्त कर की गई कार्रवाई-** आरोपियों के पास से अलग-अलग छोटा-बड़ा धारदार चाकू, कत्तानुमा व हथियार को जब्त किया गया तथा थाना महासमुंद में अलग-अलग-अपराध पंजीबद्ध कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पेज 11 के शेष...

### ज्वेलर्स दुकान में...

के आरोपी कन्ने ऊर्फ करन पिता देव नरेश 19 साल साकिन भैंसापसरा का होना पाया गया, जो घटना दिनांक को भारत ज्वेलर्स गणेश चौक बलौदाबाजार ज्वेलरी दुकान से सोना-चांदी के ज्वेलरी एवं एक जुपीटर स्कुटी जिसे आरोपी करन ऊर्फ कन्ने दुकान के अंदर चोरी कर लेकर चला गया था, जिसे पुलिस द्वारा घटना के बाद दबिश देने से भाटापारा में अज्ञात छोड़कर फरार हो गया था कि चोरी गये माश मशरूका को जब्त प्रार्थी को सुपुर्द किया जा चुका है। आरोपी घटना दिनांक से फरार था, जिसकी पतासाजी कर पिछले वर्ष 28 सितम्बर को पता चलने पर हिरासत में लेकर चोरी किये सोना चांदी के संबध में पुछताछ करने पर चोरी करना एवं भाटापारा में छोड़कर भागना बताया, जिसे गिरफ्तार कर ज्युडियल रिमांड पर पेश किया गया।

### खाद्य लाइसेंस शिविर...

खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा ,किराना दुकान ,मीट शॉप, पान ठेला, चाट वा गुपचुप ठेला ,गन्ना रस ,जूस सेंटर ,खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर , फल, सब्जी विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को खाद्य लाइसेंसध् पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है । बिना खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। पंजीयनध् लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा या निगम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर 100 रूपये पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर 2000 रुपए हैं, जबकि उत्पादनकर्ता हेतु क्रमशः 3000 व 5000 रूपये का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# चुनाव होने तक सभी सांसद-विधायक लिपिक विहीन, सभी की वापसी का आदेश

## सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


लोकसभा चुनाव पूरा होने तक यानी जब तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी तब तक छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों और विधायकों को अपने दफ्तर के काम के लिए लिपिक नहीं मिलेंगे। दरअसल भारत निर्वाचन आयोग ने सांसदों और विधायकों को दी गई यह सुविधा वापस लेने का आदेश दिया है। इसके बाद राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने भी इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

**सभी लिपिकों की मूल विभाग में वापसी**

राज्य सरकार के इस आदेश के बाद प्रदेश के सभी 11 सांसदों और 90 विधायकों को मिली लिपिकीय सुविधा चुनाव पूरे होने तक नहीं मिलेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे सांसदों एवं विधायकों को दी गई लिपिकीय सुविधा तत्काल वापस लें। इसके साथ ही संबंधित कर्मियों को उनके मूल कार्यालय में कार्यभार कराएं। यही नहीं, इस आदेश का पालन प्रतिवेदन भी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने के लिए कहा गया है।

### सभी मंत्रियों की सरकारी गाड़ी वापस

इधर आचार संहिता के प्रभावशील होने के बाद राज्य के सभी मंत्रियों को सरकार द्वारा दिए गए सरकारी वाहन वापस ले लिए गए। ये वाहन सरकार के स्टेट गैरेज में जमा किए गए हैं। इसके साथ ही कई अन्य प्रतिबंध लागू हो गए। चुनावों की तारीख का ऐलान होने और आचार संहिता लागू होते ही कोई भी नेता या अधिकारी सार्वजनिक उद्घाटन या शिलान्यास नहीं कर सकता। इसके साथ ही नए कामों की स्वीकृति भी नहीं दी जा सकेगी। जिन क्षेत्रों में आचार संहिता लागू होगी, वहां सरकार की उपलब्धियों के होर्डिंग्स नहीं लगेंगे। राजधानी रायपुर सहित अन्य जिलों के शहरों से लेकर गांवों तक चुनाव प्रचार के पोस्टर, होर्डिंग्स आदि हटा दिए गए हैं।



### अब नहीं होंगे सरकारी दौरा

आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय दौरे नहीं होंगे। सरकारी वाहनों में सायरन नहीं लगाए जाएंगे। सरकारी भवनों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री और राजनीतिक हस्तियों के फोटो लगाने पर रोक रहेगी। कोई भी व्यक्ति या नेता सरकार की उपलब्धियों वाले विज्ञापन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और दूसरे मीडिया में नहीं दे सकेगा। इस दौरान आम लोग भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने समय सावधानी बरतनी होगी।

## खबर संक्षेप



### तिल्दा स्ट्रांगरूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने धरसींवा और बलौदाबाजार विधानसभा अंतर्गत तिल्दा क्षेत्र में सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांगरूम के साथ ग्राम चिचोली में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनों के लिए रैंप, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249 और बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केंद्र हैं। इस अवसर पर तिल्दा तहसीलदार ज्योति मशियारे, जनपद सीईओ विवेक गोस्वामी भी उपस्थित थे।

### गृहमंत्री पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

**रायपुर।** कांग्रेस ने गृहमंत्री विजय शर्मा पर आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से इसकी शिकायत की है। कांग्रेस विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन ने बताया कि गृहमंत्री विजय शर्मा की ओर से होली मिलन समारोह के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा और लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के नागरिकों से खुलेआम ज्ञापन लेना आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। शिकायत पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी पर कांग्रेस का अभियान आज

**रायपुर।** लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय का चुनावी अभियान जोरों से जारी है। अपने अभियान के तहत कल रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले चारों विधानसभा में महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी की जानकारी लोगों को देंगे। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं को ध्यान में रखते हुए नारी न्याय गारंटी की बात कही है। महिलाओं को इसके माध्यम से प्रतिमाह 8333 रुपए दिया जाएगा। शुक्रवार को इसकी शुरुआत शहर की चारों विधानसभा में की जाएगी।

### चुनाव में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा

**रायपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारी-कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### आचार संहिता में 25 करोड़ के कैश और सामान जब्त

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक 25 करोड़ 8 लाख रुपए की अवैध धनराशि तथा वस्तुएं जब्त की गई है।

## कांग्रेसमुक्त भारत के सपने को कांग्रेस के लोग अपने कृत्यों से पूरा कर रहे

# किरण देवे बोले- इस्तीफों का सिलसिला कांग्रेस के प्रति मोह भंग का परिचायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि न केवल जनता का, अपितु कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भी कांग्रेस से पूरी तरह मोहभंग हो गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के प्रति कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी जबर्दस्त आक्रोश था। बस्तर में महापौर ने अपने सहयोगी पार्षदों के साथ भाजपा में प्रवेश किया, बिलासपुर में नगर पालिका अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ आमरण अनशन कर रहे हैं, सरगुजा क्षेत्र में हजारों कार्यकर्ता कांग्रेस से इस्तीफा देने तैयार बैठे हैं और राजनांदगांव में भूपेश बघेल को कार्यकर्ता सम्मेलन के मंच से विरोध का सामना करना पड़ा।

श्री देव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेसमुक्त भारत के सपने को कांग्रेस के लोग अपने कृत्यों से पूरा कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता तो अपने लोगों को ही नहीं संभाल पा रहे हैं, अब कांग्रेसी नेता अपने कार्यकर्ताओं को जवाब देने लायक भी नहीं बचे हैं। श्री देव ने कहा, कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं को अब घुटन महसूस होने लगी है। कांग्रेस के पार्टी के पास न तो नीति है, न नियम है और न ही नेता हैं। सरगुजा संभाग में बड़ी संख्या में लोग भाजपा में आ रहे हैं तो वहीं बस्तर में हजारों की संख्या में लोग कांग्रेस को छोड़कर विकास की मुख्यधारा से ही जुड़ने के लिए भाजपा से जुड़े रहे हैं और भाजपा पर अपना विश्वास व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भाजपा हमेशा विकास की राजनीति करती है। छत्तीसगढ़ में अपने पिछले पांच वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस ने ऐसा एक भी कार्य नहीं किया है जिससे जनता जनार्दन को लाभ मिले। केवल घोषणा-पर-घोषणा ही करने में लगी रही कांग्रेस की पिछली प्रदेश सरकार ने उन घोषणाओं को अपने पूरे कार्यकाल में पूरा नहीं किया।

### केदार गुप्ता बोले- कांग्रेस के प्रत्याशियों में दम नहीं, भाजपा जीतेगी सभी सीटें



*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के लिए सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए घोषित कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस के खस्ताहाल पर तीखा कटाक्ष कर कहा, भाजपा शुरू से यह कहती रही है कि कांग्रेस का कोई नेता लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है और उन्हें हार का भय सता रहा है। उनका कहना है, कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची दरअसल कांग्रेस की करारी हार का घोषणापत्र है। कुल मिलाकर कांग्रेस के प्रत्याशियों में दम नहीं है, भाजपा सभी सीटें जीतेगी। श्री गुप्ता ने कहा, प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की जो सूची ले-देकर अब तय हुई है, उसमें भी विधानसभा के लड़े हुए प्रत्याशियों की भरमार है। कांग्रेसे ने ऐसे प्रत्याशियों पर दांव खेला है जिनके कारण विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की भूपेश सरकार धराशायी हो गई, ऐसे नेताओं को फिर लोकसभा चुनाव में खड़ा किया गया है। श्री गुप्ता ने कहा, भाजपा जो कहती थी, वह सच साबित हुआ कि कांग्रेस पार्टी में जबर्दस्त अंतर्कलह है, असंतोष है, कांग्रेस पार्टी कई फाड़ों में बंट चुकी है और कोई नेता लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। अब देखिए, वही नेता फिर से रिपीट हो रहे हैं चाहे देवेंद्र यादव हों, चाहे भूपेश बघेल हों, चाहे कवासी लखमा हों या फिर चाहे ताम्रध्वज साहू हों। निश्चित रूप से कांग्रेस का हाल बेहाल है और भाजपा प्रदेश की सभी 11 सीटों पर जीतेगी।*

# लोकसभा चुनाव के बाद मोदी के अन्याय काल का होगा अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पीसीसी अध्यक्ष बैज ने भाजपा और मोदी से पूछा 5 सवाल

प्रधानमंत्री मोदी 'अमृत काल' की बात करते हैं, लेकिन हकीकत में उनका शासनकाल 'मौत काल' साबित हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 2023 के एनसीआरबी के इन आंकड़ों को देखने से तो यह बात साबित भी होती है। मोदी राज में बीते एक साल में देश के 1 लाख 71 हजार लोगों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव के बाद अब इस अन्याय काल का अंत निकट है। देश के लोग इस सरकार को उखाड़ कर फेंकने के लिए तैयार हैं। उसके बाद कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पांच न्याय की गारंटी के माध्यम से देश और लोगों के हालात को बदलेगी। एनसीबीआर के आंकड़े में हर दिन 500 लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। हर रोज 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। हर घंटे तीन गृहणियां महंगाई से तंग आकर अपनी जिंदगी समाप्त कर रही हैं, कुल 25309 गृहणियों ने आत्महत्या की है। आत्महत्या करने वालों में सबसे अधिक 35 फीसदी युवा हैं।

### खतरनाक स्तर पर बेरोजगारी

*बैज ने कहा, लोगों के बीच फैली इस हताशा और निराशा के कारण बिल्कुल स्पष्ट है, प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में बेरोज़गारी ने 45 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। सीएमआईई के ताज़ा आंकड़े के मुताबिक, आज देश में युवा बेरोज़गारी दर 44.49 फीसदी के खतरनाक स्तर को पार कर चुकी है। उन्होंने मोदी और भाजपा से सवाल किया कि कुल बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा क्यों हैं? कॉरपोरेट का 16 लाख करोड़ माफ हो गया, लेकिन हमारे किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? किसानों की आय दोगुनी कब होगी? उनको एमएसपी कब मिलेगी? देश के पदों और संसाधनों में हमारे दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब सवर्णों की उचित भागीदारी क्यों नहीं है? महंगाई आज चरम पर क्यों है? महिलाओं के साथ अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं? महिलाओं पर अत्याचार करने वाले अपराधियों को संरक्षण देना कब बंद होगा?*

## छग से हनी बनाए गए राष्ट्रीय सचिव

**रायपुर।** एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव किया गया है। लोकसभा चुनाव से पहले एनएसयूआई द्वारा देशभर में 8 महासचिवों तथा 21 सचिवों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ के हनी बग्गा को सचिव पद पर नियुक्त किया गया है।



- एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बदलाव

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा गुरुवार को यह आदेश जारी किया गया। महासचिव और सचिव पद पर विभिन्न राज्यों से एनएसयूआई पदाधिकारियों का चयन किया गया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व हुई ये नियुक्तियां अहम मानी जा रही हैं। नियुक्ति पश्चात लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार संबंधित जिम्मेदारियां भी पदाधिकारियों को सौपी जाएगी। छत्तीसगढ़ से सूची में केवल एक ही नाम है।

### छात्रहित के लिए करेंगे संघर्ष

वे वर्तमान में 2 वर्षों से राष्ट्रीय संयोजक के रूप में काम कर रहे थे। नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, लगातार 12 वर्षों से छात्रहित के लिए एनएसयूआई संघर्ष कर रही है। आगे भी इस दिशा में कार्य करते हुए छात्रहित के लिए कार्य करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को धन्यवाद देते हुए आने वाले समय में छात्र संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास करने की बात कही। वे 2012 में प्रगति कॉलेज के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद 2014 से कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय में छात्रसंघ के प्रभारी के रूप में कई वर्षों तक कार्यरत रहे।

## पुरैना उपकेन्द्र में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर वृत्त-1 रायपुर अंतर्गत पुरैना उपकेंद्र में 5 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा के हाथों किया गया। इस मौके पर एसई 8 एमवीए पॉवर जेमर चार्जिंग सफलतापूर्वक किया गया। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा के साथ कार्यपालन यंत्री वीके तिवारी, आशीष अग्निहोत्री, विनय चंद्राकर, पीके सिंग, अरुण वर्मा, एके न्यूडिंग एवं सहायक यंत्री धनंजय वर्मा, लोकेंद्र पटेल, विशाल बाजपेयी, उत्तम साहू, प्रवीण वर्मा, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की प्राथमिकता में युवाओं का रोजगार

### हर जिले में बनेगा 5 हजार करोड़ का कोष : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आज देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। कांग्रेस इस बात को महसूस करती है कि देश का विकास तभी तेज गति से संभव है, जब देश की युवा शक्ति का भरपूर उपयोग हो। हर हाथ में काम हो, कोई युवा बेरोजगार न हो, इसी उद्देश्य को लेकर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह वायदा किया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस की सरकार देश में रोजगार सृजन और नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जायेगी। इसके लिए 5 चरणों में युवा न्याय की घोषणा की है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस गारंटी देती है कि प्रकाशित रोजगार कैलेंडर के अनुसार, केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां पैदा करेगी। केंद्रीय विभागों में 10 लाख स्वीकृत पद खाली हैं। कांग्रेस की केंद्र सरकार इनमें भर्तियां करेगी। 25 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज स्नातक को निजी या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में एक साल की प्रशिक्षुता प्रदान करने प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम की गारंटी देती है। कांग्रेस हर जिले में 5,000 करोड़ का कोष बनाएगी, जिसका आवंटन, देश के सभी जिलों में पांच साल की अवधि के लिए होगा। 40 वर्ष से कम आयु के युवा किसी भी क्षेत्र में अपने व्यावसायिक उद्यमों के लिए स्टार्ट-अप फंडिंग का लाभ उठा सकते हैं। हर साल गिग इकॉनमी में रोजगार ढूंढने वाले लाखों युवाओं के लिए बेहतर कामकाजी स्थिति और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस कानून लाने की गारंटी देती है।

## भाजपा सरकार में बंद हो रही जनकल्याणकारी योजनाएं

- राशन के अधिकार से जनता को वंचित करने का षड्यंत्र : वर्मा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, मोदी की गारंटी और साय का सुशासन केवल विज्ञापन, नारों और जुमलों तक ही सीमित है। असलियत यह है कि एक के बाद एक जनहितैषी और लोक कल्याणकारी योजनाएं साय सरकार में दम तोड़ रही हैं। जिन योजनाओं का बजट प्रावधान पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने किया था, उनमें भी हितग्राहियों को दुर्भावना पूर्वक लाभ से वंचित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार आते ही आम जनता के हक और अधिकार छीने जा रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित और लोककल्याणकारी योजनाएं दुर्भावनापूर्वक बंद की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी भत्ता अघोषित रूप से बंद है। किसानों को खरीफ सीजन 2022- 23 का राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लंबित चौथी किस्त का पैसा भी विष्णुदेव सरकार ने हड़प लिया है और अब राशन के अधिकार से भी छत्तीसगढ़ की जनता को वंचित करने का षड्यंत्र भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने रचा है। राशन दुकानों में एपीएल कार्डधारियों को एक दाना शक्कर नहीं मिल रही है। कहीं-कहीं पर बीपीएल कार्ड धारी को प्रति राशन कार्ड केवल 1 किलो शक्कर दी जा रही है। पीडीएस की सरकारी साइट पर भी छत्तीसगढ़ के 13771 उपभोक्ता दुकानों में से मात्र 42 परसेंट 5746 दुकान ही वर्तमान में संचालित हैं अर्थात 58 प्रतिशत राशन दुकान नान एक्टिव हैं। इसके चलते छत्तीसगढ़ की अधिसंख्यक आबादी को राशन दुकान से चावल, शक्कर, नमक और चना लेने से षडयंत्र पूर्वक वंचित किया जा रहा है। गुड़, चना, शक्कर और मिट्टी तेल तो छत्तीसगढ़ की राशन दुकानों से पूरी तरह गायब है।

## किसी का केवाईसी नहीं तो किसी का रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदला

# जिले में 6 लाख कार्ड धारक, नवीनीकरण के लिए 5 लाख आवेदन, 1 लाख ने अब तक नहीं किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया राशन कार्ड बनाने के लिए रायपुर जिले में 6 लाख 2 हजार कार्ड धारकों की तुलना में लगभग 5 लाख कार्ड धारक नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन कर चुके हैं, जिनके दस्तावेजों का सत्यापन भी हो चुका है। नवीनीकरण के बाद कार्ड धारकों का नया राशन कार्ड बनना है, लेकिन जिले में करीब 1 लाख कार्ड धारक ऐसे भी हैं, जिन्होंने अब तक नवीनीकरण के लिए आवेदन ही नहीं किया है। इन लोगों के आवेदन नहीं करने के कई कारण बताए जा रहे हैं। किसी का केवाईसी नहीं हो पाया है, किसी का रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल गया है, तो किसी की मृत्यु हो चुकी तथा कोई शहर एवं राज्य से बाहर रहता है। खाद्य विभाग के अधिकारी तो यह भी बताते है कि कई कार्ड धारक तो नवीनीकरण की तारीख आगे भी बढ़ेगी यह सोचकर आवेदन नहीं कर रहे हैं।

### आवेदन नहीं कर रहे लोग

जिले में 5 लाख कार्ड धारकों का नवीनीकरण हो चुका है। शेष लगभग एक लाख कार्ड धारकों ने आवेदन ही नहीं किया है। तारीख और बढ़ेगी यह सोचकर भी कई लोग अभी आवेदन नहीं कर रहे हैं। आवेदन करने पर ही कार्ड का नवीनीकरण होगा।

- अरविंद दुबे
जिला खाद्य नियंत्रक

### आवेदन करने में ग्रामीण क्षेत्र पीछे

*नवीनीकरण के लिए आवेदन करने में शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र ज्यादा पीछे है। जिले के शहरी क्षेत्र में 2 लाख 75 हजार से ज्यादा कार्ड धारक आवेदन किए है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख 27 हजार के करीब आवेदन किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कम आवेदन होने का एक बड़ा कारण नेटवर्क की समस्या भी है। शहरी की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की ज्यादा समस्या बनी रहती है। नवीनीकरण का काम ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क के कारण लोगों को नवीनीकरण कराने में भी समस्या आ रही है।*

# दूसरे चरण की अधिसूचना जारी कांकेर में सात ने खरीदा नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पहले दिन किसी अभ्यर्थी ने नहीं भरा नामांकन पत्र

लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी करने के साथ नामांकन शुरू हो गया। दूसरे चरण में महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए अभ्यार्थी नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पहले दिन इन तीन लोकसभा क्षेत्र के लिए एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। कांकेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर सहित 7 ने नामांकन फार्म खरीदा। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को होगी। नाम वापस की अंतिम तिथि 8 अप्रैल है। द्वितीय चरण के लिए मतदान तिथि 26 अप्रैल है।




### बस्तर लोकसभा में 11 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए बस्तर लोकसभा से कुल 11 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। यहां से कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब यहां से 11 अभ्यर्थी शेष हैं। प्रथम चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च है। यहां 19 अप्रैल को मतदान होगा।

## खबर संक्षेप



### बरडीह स्कूल में न्योता भोज और विदाई समारोह हुआ

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में न्योता भोज एवं 8वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। न्योता भोज शाला के सभी शिक्षक के प्रयास से किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने तीन साल के अनुभव को बारी बारी से बताया। छात्रों ने कहा स्कूल में रह कर कैसे एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। शाला में रह कर ही अनुशासन में रहना सीखते हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख मनहरण लाल वर्मा ने किया। इस मौके पर शिक्षक विशेसर वर्मा, चरित कुमार ध्रुव, संजय बंछोर एवं हेमकुमारी साहू उपस्थित थीं।

### लोस निर्वाचन में वाहन अधिग्रहण के लिए मंगाये गये आवेदन

**भटगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए वाहनों की व्यवस्था हेतु वाहन मालिक से आवेदन आमंत्रित है। निर्वाचन कार्य के लिए इच्छुक नागरिक अपने निजी वाहन जैसे–कार, ट्रैक्टर, बड़े–छोटे मालवाहक आदि अधिग्रहित किराये पर अधिग्रहित करा सकते हैं। वाहन अधिग्रहण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय मंडी परिसर सारंगढ़ में आवेदन जमा कर सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए सहायक नोडल अधिकारी वाहन विरेन्द्र जोल्हे से पर संपर्क कर सकते हैं। अधिग्रहण के लिए वाहन और वाहन चालक के वैध दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। निर्वाचन के बाद इन अधिग्रहित वाहनों के किराए का भुगतान किया जाएगा।

### दतान में अखंड नवधा रामायण आज से

**पलारी।** ग्राम दतान प के गांधी चौक में अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 30 मार्च से शुरू हो रहा है, जिसका समापन 8 अप्रैल को होगा। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार धीवर और उपाध्यक्ष केशरी वर्मा ने बताया कि दूर दराज की मंडलिया अखंड नवधा रामायण समारोह में पधारकर प्रभु राम की महिमा का बखान कर श्रद्धालुओं को कृतार्थ करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन विशेष टोली को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी प्रस्तुते देंगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाली सभी मानस मंडलियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वीडियो अपलोड करने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट पर अपलोड करने वाले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। बसना पुलिस ने सुमीत अग्रवाल पिता रोशन अग्रवाल, सरोजनी बरिहा पति जगदीश बरिहा एवं बागबाहरा पुलिस ने दिग्विजय सिंह राठौर पिता देवेंद्र सिंह राठौर द्वारा अपने मोबाइल नंबर से इंटरनेट का प्रयोग कर सोशल मीडिया पर महिलाओं एवं बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करते पाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धारा 67, 67 ए, 67 बी सूचना प्रौद्योगिकी अधि. 2000 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## आयोजन : बनसांकरा के प्राथमिक शाला में गांव के नागरिक और स्कूल परिवार ने किया आयोजन

# न्योता भोज : बच्चे बने अतिथि देवो भव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम बनसांकरा स्थित प्राथमिक शाला में ग्राम के जागरूक नागरिक लीलाधर मनोज साहू एवं शाला परिवार द्वारा 130 बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि घर पर आगंतुक आने पर हम सब पहले उन्हें पानी एवं भोजन के लिए पूछते हैं। अतिथि देवों भवः की हमारी परपंरा है। वैसे बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं, न्योता भोज प्रारंभ करने के पीछे शासन की मंशा है कि बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन मिले। आप लोग भी बच्चों को अपने जन्म दिवस विवाह व अन्य विशेष अवसर पर न्योता भोज करा सकते हैं। बच्चों को न्योता भोज में खीर, पूरी, केला



गुलाब जामुन, दाल, चावल, आचार, पापड़, सलाद आदि परोसा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य धनेश्वर निषाद, लाला वर्मा, नोडल प्राचार्य रामकुमार ध्रुव, रोशन साहू, संकुल समन्वयक चौरेंगा लोकेश ध्रुव, संकुल समन्वयक बनसांकरा शाला की प्राचार्या सावित्री देवांगन, शिक्षक कोमल वर्मा, दिनेश कुमार साहू, अंबा तंबोली, निशा वर्मा उपस्थित थे। विकासखंड सिमगा के ग्राम बनसांकरा स्थित प्राथमिक शाला में ग्राम के ही जागरूक नागरिक लीलाधर एवं शाला परिवार द्वारा 130 बच्चों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य धनेश्वर निषाद, लाला वर्मा, नोडल प्राचार्य रामकुमार ध्रुव, रोशन साहू, संकुल समन्वयक चौरेंगा लोकेश ध्रुव, संकुल समन्वयक बनसांकरा शाला की प्राचार्या सावित्री देवांगन, शिक्षक कोमल वर्मा, दिनेश कुमार साहू, अंबा तंबोली, निशा वर्मा उपस्थित थे।।

### न्योता भोज के साथ आठवीं कक्षा के छात्रों को दी विदाई

**खरोरा।** विकासखंड आरंग, संकुल केंद्र कोरासी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसमुड़ी में आठवीं के छात्रों की विदाई के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक निर्मला कोशले द्वारा अपने पुत्र एवं पुत्री के जन्मदिन पर यह आयोजन किया गया। प्रधान पाठिका निर्मला कोशले एवं शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्क़तिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर ने आठवीं के छात्रों को संबोधित



करते हुए कहा कि जीवन में मिलना बिछुड़ना लगा रहता है। सभी को अपने साथियों से पढ़ने लिखने के सिलसिले में बिछुड़ना पड़ता है। यही जीवन का क्रम है।

### स्कूल स्टाफ ने छात्रों के लिए किया न्योता भोज का आयोजन

**खरोरा।** प्राथमिक शाला सिर्री में वहां के स्टाफ द्वारा छात्रों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें दाल, चावल, सब्जी के अतिरिक्त बालूसाय, केला, अंगूर और पापड़ का वितरण किया गया। इस आयोजन में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में शामिल माताएं, शाला विकास समिति के सदस्य और मिडिल स्कूल स्टाफ रतन लाल वर्मा, वंदना शर्मा , सावित्री वर्मा, लक्ष्मी वर्मा शामिल हुए। इसके बाद कक्षा 5वीं के छात्रों को विदाई दी गई।



### ब्लॉक स्तर पर होगी स्लोगन व डिबेट प्रतियोगिता

**सिमगा।** लोकसभा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मतदान पर नारा एवं डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 अप्रैल को नगर के शक्ति कान्वेंट स्कूल में आयोजित किया गया है। इसमें शासकीय, निजी विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नारा, स्लोगन एवं डिबेट प्रतियोगिता में 1 शिक्षक या शिक्षिका के साथ 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे उपस्थिति देने प्राचार्यों एवं प्रधानपाठकों को निर्देशित किया गया है। प्रतिभागियों की सामाग्री जिला कार्यालय के नामांकित जिला अधिकारी के पास अगले दिन जमा किए जाएंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार हेतु चयन किया जाएगा। विकासखंड एवं जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। स्वीप कार्यक्रम का आयोजन स्थल शक्ति कान्वेंट स्कूल में प्रभारी अधिकारी के रूप में बीईओ एस के गेंदले, नोडल अधिकारी आकाश सोनी उप प्राचार्य शक्ति कान्वेंट एवं सहस राम पाटकर सहायक नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## शहर में शत-प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने शुक्रवार को नगर पालिका सीएमओ टॉमसन रात्रे ने शहर के व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने निर्वाचन में मतदान का महत्व बताते हुए सभी व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से मतदाता जागरूकता अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव और मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।

श्री रात्रे ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की



आधारशिला है। यह नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है। मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि नगर में शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के संकल्प में व्यापारियों की भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। व्यापारी संघ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को प्रतिष्ठानों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी रेखराज शर्मा, जिला चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष शंभु साहू, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, फुटकर व्यापारी संघ के अमर पाल सिंग, यशवंत प्रसाद दुबे, प्रीतम सिंग, संतोष कुमार गुप्ता, भारत लाल खत्री, विक्की गुरूदत्ता आदि मौजूद रहे।

## साहू समाज ने कर्मा जयंती पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मटिया में साहू समाज के तत्वावधान में मां कर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान समाज द्वारा कलश शोभायात्रा में ढोल नगारों के साथ माता के जय कारे लगाते हुए महावीर चौक से साहू पारा होते तक निकाली गई। कार्यक्रम में लगभग 300 महिलाएं सिर पर कलश रख शोभायात्रा में शामिल हुईं। भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसमें अध्यक्ष तहसील साहू संघ धरसींवा चूड़ामणि साहू, अध्यक्ष सारागांव परिक्षेत्र नारायण प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष परिक्षेत्र सारागांव ढेलुराम साहू, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण उधोराम वर्मा, ग्राम पंचायत मटिया सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर भीम वर्मा, उपसरपंच ग्राम पंचायत मटिया रामचन्द्र साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ एवं उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर संभाग अनिल साहू उपस्थित थे। साथ ही बुजुर्गों का सम्मान हुआ। भोग भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम इकाई टीकाराम साहू, योगेन्द्र साहू, संतोष साहू, दिलीप साहू, भुषण साहू, भवर साहू , हिराधर साहू, महाराज दीना दुबे, प्रदीप साहू, अमन साहू, लोमेश साहू, पुनीत साहू, शंकर साहू , ठाकुर राम साहू , भागवत साहू , भुरवा साहू , भूखन साहू, यशवंत साहू, जीवन साहू, मैना साहू , देवजनी साहू, बलराम वर्मा, अवध राम वर्मा आदि उपस्थित थे।

## कथित नकल मामले में विभाग को जांच अफसरों की रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली विकासखंड के

- तीन दिन का समय बीता, रिपोर्ट के आधार पर होगी दोषियों पर कार्रवाई




हायर सेकंडरी परीक्षा 2024 के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र मोहदा के परीक्षार्थियों का नकल प्रकरण संबंधी वीडियो फुटेज वायरल होने के पश्चात शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं केजुंया स्कूल के प्राचार्य को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। दोनों अफसरों को मामले की जांच कर 3 दिन के भीतर अपना अभिमत जिला कार्यालय में उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है। बता दें कि 1 मार्च से 12वीं की परीक्षाएं प्रारंभ हुई जो 23 मार्च तक चली। सरायपाली में बनाए गए 24 परीक्षा केंद्रों में से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहदा में 21 मार्च को हुए जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र के परीक्षा के दौरान एक छात्रा ने मोहदा परीक्षा केंद्र में कुछ ग्रामीणों व पर्यवेक्षकों से मिली भगत कर बीते साल अनुतीर्ण हुए छात्रों को उत्तीर्ण करने व अधिक अंक दिलवाने नकल करवाने का नामजद आरोप लगाया। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। जिसके पश्चात विभाग ने संज्ञान लेते हुए 26 मार्च को जांच संबंधी आदेश जारी किए। मामले में शुक्रवार को तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई रिपोर्ट जिला शिक्षा विभाग के अफसरों को नही प्राप्त हुई है। वायरल वीडियो में छात्रा बता रही है कि परीक्षा केंद्र में बिना कोई रोक-टोक के गांव के कुछ लोग घुसकर नकल प्रकरण करवाते हैं और विगत वर्ष परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए छात्रों को उत्तीर्ण करवाने उसके परिजनों द्वारा खिड़की की ओर से नकल करवाया गया। इसकी शिकायत एसडीएम सरायपाली से भी की गई। वे निरीक्षण में भी पहुंचे। वीडियो में छात्रा ने बताया कि भूगोल और राजनीति विषय के दिन भी एक राजनीतिक व्यक्ति केंद्र में दाखिल हुआ।

## पांच दिनों में 37728 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**महासमुंद।** जिला समन्वयक केंद्र स्वामी आत्मानंद हिन्दी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पिछले पांच दिनों में 37 हजार 728 दसवीं और बारहवीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। गुड फ्राईडे अवकाश के दिन भी मूल्यांकन कार्य जारी रहा। हालांकि, मूल्यांकन की गति धीमे होने के सवाल पर केन्द्र प्रभारी की मानें तो निर्धारित समय में मूल्यांकन पूर्ण हो जाएगा। बता दें कि हर बार की तरह इस बार भी जिले में बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए एकमात्र समन्वयक केंद्र बनाया गया है जहां 23 मार्च से मूल्यांकन शुरू हुआ है। केन्द्र में 500 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन के लिए लगाई गई है। समन्वयक केंद्र प्रभारी आत्मानंद हिंदी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के प्राचार्य एच के आचार्य ने बताया कि 21 मार्च को पहली खेप में 72 हजार 373 उत्तर पुस्तिकाएं माध्यमिक शिक्षा मंडल से यहां पहुंची। जिसे पुलिस की कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रखा गया था। जिसमें से 28 मार्च तक 10 वीं की 20418 और 12 वीं की 17310 कुल 37 हजार 728 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। उन्होने बताया कि आज ही उत्तरपुस्तिकाओं की दूसरी खेप पहुंची है जिसकी गिनती की जा रही है। आज अवकाश के दिन भी मूल्यांकन जारी है। हर मूल्यांकनकर्ता को हर रोज कम से कम 40 कापी जांचने के लिए दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन औसत 7-8 हजार कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। होली में एक दिन छुट्टी की होने कारण मूल्यांकन का काम थोड़ा धीमा हुआ है। केंद्राध्यक्ष का मानना है कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन मध्यम गति से भले ही चल रहा हो पर निर्धारित अवधि 10 अप्रैल तक यह कार्य पूरा हो जाएगा।

### मंदिर की दानपेटी से 25 हजार की चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के लहरौद पड़ाव स्थित हनुमान मंदिर की दान पेटी से चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस को प्रार्थी धरम दास वैष्णव पिता विश्राम दास (67) निवासी 18 गुड़ी ने बताया कि बुधवार की रात्रि करीबन 9 बजे किसी अज्ञात चोर ने मंदिर अंदर प्रवेश कर दान पात्र में रखे लगभग 20 से 25 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बुजुर्ग घर बैठे पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बीएलओ ने प्रशिक्षण में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए जिले के तीनों विकासखंड सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी



तारतम्य में सहायक रिटर्निंग अधिकारी और एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ के बीएलओ प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एआरओ डॉ. तिवारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो पूर्णतः निशक्त है उन्हें तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा दी गई है। इसका पर्याप्त प्रचार और ऐसे दिव्यांग और निशक्त मतदाताओं का चिन्हांकन कर प्रपत्र प्रस्तुत करें। साथ ही एएसडी सूची की तैयारी के संबंध में मतदाता पर्ची वितरण, मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर एआरओ ने बीएलओ से चर्चा की। इस प्रशिक्षण में बिलाईगढ़ के तहसीलदार कमलेश कुमार सिदार उपस्थित थे।

## जांच में होगा खुलासा, कतिपय दबाव से हुई लेखाधिकारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन को जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखाधिकारी राकेश देवांगन की गुरुवार को अचानक हार्ट अटैक से मौत ने अपने पीछे कई सवाल छेड़ दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि मौत कतिपय अत्यधिक दबाव के चलते हार्ट अटैक होने की बात सामने आई है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले में मृतक के कॉल डिटेल खंगाले जाएं तो कई नामचीन और वर्तमान सरकार से जुड़े कई चेहरे सामने आएंगे। बता दें कि राकेश को पिछले कई दिनों से उनके कार्यकाल के पुराने मामलों को पुनः खोले जाने और ट्रांसफर कराए जाने की धमकी भी दी जा रही थी। मामला सप्लाई के बड़े आर्डर के खेल से जुड़ा होने की भी बात सामने आई है । बता दें कि कुछ दिनों पहले स्वास्थ्य विभाग के गरियाबंद से जुड़े एक करीबी द्वारा राजधानी ले जाकर हटाए जाने की खुलेआम धमकी दी गई थी। स्टेट ऑफिस के दो और लोगों द्वारा नए जिलों के डीपीएम और एकाउंटेंटों पर भारी भरकम आर्डर व्यक्ति विशेष को देने कथित दबाव भी था। जिसके लिए संबंधितों का ट्रांसफर और नई सरकार आने के बाद पुराने मामलों की जांच को लेकर भयादोहन किया गया है। मामले की जांच और परिजनों का बयान पूरे मामले में आवश्यक है ताकि मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो पाए।







